दिन–रविवार दिनांक– 04 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा–दो हजार उनतीस में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी।

02. केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय ने कहा–केन्द्रीय बजट में बिहार के लिए किए गए विशेष प्रावधान से राज्य का समग्र विकास संभव होगा।

03. भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को चार–दो से पराजित किया।

04. और, मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश का सिलसिला जारी। कोसी, बागमती, अधवारा समूह और गंडक नदी विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर।

———————————————————————————

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो हजार चौदह में पद संभालने के बाद लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। श्री शाह ने कहा कि देश के करोड़ों लोगों को विभिन्न विकास योजनाओं से जोड़कर आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। चंडीगढ़ में जलापूर्ति योजना का उद्‌घाटन करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जल–जीवन मिशन योजना के तहत देश के चौहत्तर प्रतिशत घरों में पीने का साफ पानी उपलब्ध हो गया है।

———बाईट———

श्री शाह ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए दावा किया कि दो हजार उनतीस में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी।

———बाईट———

———————————————————————————

केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री राजभूषण निषाद ने कहा है कि मोदी सरकार गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री निषाद ने बक्सर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गंगा में गिरने वाले नालों के गंदे पानी को साफ करने के

लिए जल्द ही सर्वे कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालय की टीम जल्द ही इस संबंध में डीपीआर बनाकर बक्सर जिला प्रशासन को भेजेगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जिले में सिंचाई की कई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए उनका मंत्रालय राशि उपलब्ध करा रहा है।

———————————————————————————

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से केन्द्रीय बजट में बिहार के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। श्री राय ने पटना में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बजट से राज्य में पर्यटन का विकास होगा और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

———बाईट———

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में बाढ़ की समस्या के समाधान के लिए बजट में ग्यारह हजार पाँच सौ करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही ब्याज मुक्त पन्द्रह हजार करोड़ रूपयें की अतिरिक्त सहायता भी बिहार को दी जायेगी।

———बाईट———

———————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने राज्य में बढ़े हुए आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की विपक्ष की मांग को लेकर राजद पर पलटवार किया है। श्री जायसवाल ने आज पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार से ही लोगों को आरक्षण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने तेजस्वी यादव से पूछा कि उन्हें बताना चाहिए कि राजद ने कितने लोगों को आरक्षण दिया है।

———बाईट———

———————————————————————————

राज्य में दो हजार पच्चीस में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर पर तैयारियां तेज हो गई है। भाजपा ने भी मिशन दो हजार पच्चीस को सफल बनाने के

लिए अपना अभियान शुरू कर दिया है। केन्द्रीय राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे और राज्य सरकार के मंत्री जनक राम ने आज पश्चिम चंपारण के बगहा में इस संबंध में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की इस अवसर पर श्री दुबे ने कहा कि भाजपा सबका साथ और सबका विकास के प्रण को लेकर चलने वाली पार्टी है। वहीं, राज्य सरकार के मंत्री जनक राम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में आज बिहार और देश का तेजी से विकास हो रहा है।

———————————————————————————

भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने आज खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन को पेनाल्टी शूटआउट में चार—दो से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारत के गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश ने दो बेहतरीन बचाव करके भारत को शानदार जीत दिलाई। भारत अब सेमीफाइनल में नीदरलैंड और जर्मनी के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगा।

———————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्रालय ने मानव अंगों को प्रत्यारोपण के लिए सही समय पर अस्पताल पहुंचाने के प्रयोजन से मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चन्द्रा ने बताया कि इससे गुणवत्तापूर्ण तरीक़े से अंग प्रत्यारोपण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि अंगों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाने से, प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे असंख्य मरीजों की ज़िंदगी बचाई जा सकती है। प्रत्यारोपण के लिए अंगों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल ले जाने में कई बार बहुत समय लगता है। नई मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, प्रत्यारोपण के लिए अंग ले जा रहे एयरलाइन को एयर ट्रैफिक कंट्रोल से जल्दी उड़ान भरने की अनुमति मिल सकती है और अंग ले जा रहे व्यक्ति को अगली पंक्ति में सीट दी जा सकती है। इसी तरह सड़क, रेल और जहाज के जरिए भी अंगों को ले जाने के मानदंड निर्धारित किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह मानक संचालन प्रक्रिया नीति आयोग और  प्रत्यारोपण विशेषज्ञों के परामर्श से तैयार की है।

———————————————————————————

बिहार पुलिस ने पटना में मुख्यमंत्री कार्यालय को उडाने की धमकी वाले ई–मेल मिलने के सिलसिले में मामला दर्ज किया है। यह ई–मेल पिछले महीने की सोलह तारीख को मुख्यमंत्री आवास के अधिकारिक मेल पर प्राप्त हुआ था। सचिवालय थानाध्यक्ष संजीव कुमार के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी। ई–मेल भेजने वाले ने आतंकवादी संगठन अलकायदा का सदस्य होने का दावा किया है। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि ई–मेल भेजने वाले व्यक्ति ने अपने परिचित कुछ लोगों को फंसाने की साजिश रची थी। पुलिस ने दावा किया है कि ई–मेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

——————————————————————————

पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि एक पेड़–माँ के नाम अभियान के तहत राज्य के एक लाख तेरह हजार वार्डों में पाँच–पाँच पेड़ लगाए जायेंगे। मुंगेर में भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस अनूठे अभियान से देशभर में हरित वातावरण को बढ़ावा मिलेगा।

——————————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार के मंसाही में सबसे अधिक पंचानवें मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वहीं, पूर्णियां के बनमनखी में एकसठ दशमलव दो, भभुआ के अधवारा में अंठावन दशमलव आठ, औरंगाबाद के कुटुम्बा में सैंतालीस दशमलव छह और बांका में तैंतालीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले पाँच दिनों तक राज्य के अधिकांश भागों में बारिश हो सकती है।

———बाईट———

——————————————————————————

राज्य में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। कोसी, बागमती, अधवारा समूह और गंडक

नदी विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त सूचना के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान से सात सेंटीमीटर ऊपर है। मुजफ्फरपुर जिले के बेनीबाद में बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से छियानवे सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। इसके जलस्तर में कल सुबह छह बजे तक चौबीस सेंटीमीटर की कमी की संभावना है। खगड़िया जिले के बलतारा में कोसी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से छियालीस सेंटीमीटर ऊपर था। इसके जलस्तर में कल तक ग्यारह सेंटीमीटर की कमी होने की संभावना है। इधर, नालंदा के हिलसा अनुमंडल के पश्चिमी क्षेत्र से गुजरने वाली लोकाइन नदी का तटबंध टूटने से आसपास के बारह से अधिक गांव में बाढ़ का पानी फैल गया है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है और लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है।

———————————————————————————

नवादा में चौदह लोगों की जहरीली शराब से मौत के मामले में फरार पचास हजार रुपये के इनामी आरोपित पिंकू उर्फ चंदन यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वर्ष दो हजार इक्कीस में नवादा नगर थाने के गोंदपुर और बुधौली इलाके में जहरीली शराब पीने से चौदह लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में शामिल अधिकांश अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था लेकिन पिंकू तब से फरार था, जिसे पुलिस ने नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

शेखपुरा के रोहित सैनी ने विशाखापत्तनम में आयोजित सातवीं कैडेट राष्ट्रीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया है। इससे पहले हिमांशु कुमार ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया था।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले के चेवाड़ा थाना के बहुआरा गांव में साइबर अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक के खाते से एक लाख छप्पन हजार रूपये उड़ा लिए। वहीं जिले के

विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चला कर पाँच शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है।

—————————————————————————

नवादा पुलिस ने अंतर जिला वाहन चोर गिरोह के तीन अपराधियों को चोरी की नौ मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया है।

—————————————————————————

रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना के धनकाड़ा गांव में खेत में गिरे विद्युत तार की चपेट में आकर करंट लगने से दो महिलाओं की मौत हो गई।

—————————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने में शिथिलता बरतने वाले सत्रह जन वितरण प्रणाली के डीलरों से लक्ष्य पूरा नहीं करने पर लाइसेंस रद्द करने का निर्देश जारी किया है।

—————————————————————————

01. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा—दो हजार उनतीस में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी।

02. केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय ने कहा—केन्द्रीय बजट में बिहार के लिए किए गए विशेष प्रावधान से राज्य का समग्र विकास संभव होगा।

03. भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को चार—दो से पराजित किया।

04. और, मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश का सिलसिला जारी। कोसी, बागमती, अधवारा समूह और गंडक नदी विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर।

—————————————————————————

समाप्त